केन्द्र व उत्तरांखण्ड सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

♦वर्ष 24 ♦अंक 304 ♦पृष्ठ 16 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦15 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# देवभूमि में शान से मना आजादी का जश्न

## परेड ग्राउण्ड में सीएम ने कई अधिकारियों और जवानों को किया सम्मानित, कई घोषणाएं भी की

देहरादून(उद संवाददाता)। 78 वें स्ध्वतंत्रता दिवस के मौके पर देवभूमि देशभक्ति में रंग में रंगी नजर आयी। हर के चौक–चौराहों से लेकर गांव की गलियों में आजादी के तराने गूंजते रहे। सरकारी गैर संस्कारी संस्थानों के साथ साथ साथ घरों में भी लोगों ने तिरंगा फहराया। कई जगह रगारंग कार्यक्रमों के साथ आजादी का जश्न मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने देश की आजादी एवं मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले महानायकों का स्मरण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, विधायक खजान दास एवं अन्य लोग मौजूद रहे।वहीं परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के जवानों को सम्मानित किया साथ ही सीएम धामी ने राज्यहित में महत्वपूर्ण घोषाणाएं भी की। सीएम ने राज्य में उद्योग, बागवानी तथा कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले काश्तकारों व उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 1 लाख, 75 हजार एवं 50 हजार की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया। साथ ही वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, परित्यक्ता पेंशन योजना में निर्धारित मासिक आय को 4000 से बढ़कर 6000 करने की घोषणा की। यहां पर सीएम धामी ने कहा कि प्रध ानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी सरकार भी राज्य के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।उधर राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग, बलिदान, शौर्य और संघर्ष के बल पर हमें आजादी प्राप्त हुई है। उन्होंने सीमा पर तैनात वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि उनके कारण ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा हुआ है जो सतत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास करते हुए देश ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। हमने स्वतंत्रा के 100 वर्षों अर्थात 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है, आने वाले अमृतकाल के इन 23 वर्षों में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि देश की इस विकास यात्रा के साथ ही नया उत्तराखण्ड भी (शेष पृष्ठ सात पर)












# ऐतिहासिक नीतियों से बदल रहा भारत:जोशी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस लाइन रूद्रपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जनपद प्रभारी एवं कृषि मंत्री उत्तराखण्ड सरकार गणेश जोशी ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया गया साथ ही लखपति दीदी, स्वयं सहायता समूहों, परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों, स्वच्छता के लिए नगर निगम की टीम को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री जोशी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा मैं देश के उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम एक आजाद देश में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि यह आठ दशकों का सफर हमारे राष्ट्र के लिए चुनौतियों भरा रहा है, 1947 में आजाद होने से लेकर आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक, हम सभी ने एक लम्बा सफर तय किया है। आज का भारत, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। सुदृढ़ और स्वस्थ अर्थव्यवस्था इस आत्मविश्वास का कारण भी है और परिणाम भी।कृषि मंत्री ने कहा कि प्रध ानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से वर्तमान तक गरीबों की सेवा, हाशिए पर रह रहे लोगों की सुरक्षा, किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने, जीवन की सुगमता बढ़ाने, बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार, युवाओं के नेतृत्व में प्रौद्योगिकी प्रेरित विकास को बढ़ावा देने और व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए विकास की पहलें शुरू की गईं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों को अगले पांच साल तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया घर में स्वच्छ और (शेष पृष्ठ सात पर)







# डीएम ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने ध्वजारोहण किया व पौधारोपण किया, जबकि विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारी बूथा देवी, प्रीत कौर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन अमरजीत सिंह, चन्द्रा सिंह, अमनजीत सिंह, रम्भा सिंह, विजय नाथ, शांति देवी, जीतेश राय, दलबीर सिंह, सोहरन सिंह, आनंद मणि, भगवान सिंह, हरविन्दर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



# कांग्रेसजनों ने स्वराज आश्रम में फहराया तिरंगा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला महानगर कांग्रेस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक स्थल स्वराज आश्रम में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश की अगुवाई में ध्वजारोहण उपरांत मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास संग स्वतंत्रता दिवस मनाया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि मातृभूमि की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को हृदय से नमन करता हूँ। उनका अमिट बलिदान हमें सदैव एक नई (शेष पृष्ठ सात पर)



**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

–संपर्क करें–

8433432291

# हाईवे पर डंपर से भिड़ी बाइक, तीन युवक गंभीर

किच्छा। पुलभट्टा के पास अनियंत्रित बाईक हाईवे पर खड़े डंपर से भिड़ गयी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक नालंदा स्कूल के पास निवासी अर्जुन पुत्र हरिमण्डल,आजाद नगर निवासी वासु पुत्र राजू एवं बंगाली कालोनी निवासी अजय पुत्र अर्जुन दोपहर बाइक पर किच्छा से पुलभट्टा की ओर जा रहे थे, चौकी के पास हाईवे पर खड़े डंपर संख्या यूके06सीबी 8525 से बाइक की भिड़ंत हो गयी।घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहां तीनों की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें एसटीएच हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि खराब डंपर बीती रात से ही सर्विस लेन के बजाय सड़क पर खड़ा था, जिसे लेकर लोगों में रोष है। लोगों का कहना था आये दिन डंपर चालक वाहनों को हाईवे पर कहीं भी खड़ा करके हादसों को न्यौदा दे रहे हैं।





# विधायक कार्यालय में समाजसेवी गोविन्द कुमार गोयल ने ध्वजारोहण किया

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड के कार्यालय पर 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किच्छा के वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द कुमार गोयल ने अपने समस्त साथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया तथा वहां उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय गान गाया और देशभक्ति के नारे लगाएं. विधायक बेहड ने समाजसेवी गोविन्द कुमार गोयल जी को शाल ओडाकर व बुके देकर सम्मानित किया व अभिनन्दन किया । कार्यक्रम से पूर्व, विधायक बेहड ने किच्छा के इंदिरा गाँधी खेल मैदान के पास 153 फीट ऊंचे राष्टीय ध्वज का ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी नगर पालिका के पदाधिकारियों व क्षेत्रवासियों के साथ राष्टीय गान गाया। विधायक बेहड़ ने कहा कि की देश को आजादी बहुत कुर्बानियों के बाद मिली है बहुत से देश के क्रांतिकारी



शहीद हुए है और हर वर्ग का इसमें योगदान रहा है ।आज देश के अन्दर हमारा लोकतंत्र खतरे में पड़ रहा है और चारों तरफ देश की सीमाओं पर जो भी आस-पास के देश है हमारे वो हमारे लिए खतरा साबित हो रहे है चाहे वो चीन हो या मित्र देश नेपाल हो,पकिस्तान हो या बांग्लादेश हो इन देशों से भी हमको सावधान रहना है। आज हिन्दुओ के साथ जो अत्याचार बांग्लादेश में हो रहे है उसमें भी भारत सरकार को संरक्षण करना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए व सयुंक्त राष्ट्र की तरफ से बांग्लादेश भी को चेतावनी देनी चाहिए. हमारी असली आजादी ये ही होगी जब हम सभी सुरक्षित रहे और साथ ही हमारे पडोसी देश में भी चाहे वो किसी भी समुदाय के लोग हो सब सुरक्षित हो। इस अवसर पर गोविंद कुमार गोयल, महेंद्र गोयल, गिरधारी लाल गोयल, प्रकाश गोयल, राम निवास जैन, रोशन लाल सिंघल, मदन गोपाल अग्रवाल, आशीष जैन, सुमित गोयल, संजय जिंदल, छाजूराम अग्रवाल, गुड्डू तिवारी,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,अरुण शुक्ला, सुनील ठाकुर,ओम प्रकाश दुआ, राजीव चौधरी ,मेजर सिंह, विनोद पन्त,गुलशन सिन्धी, गौरव बेहड़,दिलीप सिंह बिष्ट, शिव कुमार मित्तल, सुनीता कश्यप,लियाकत अंसारी,एन यू खान,ताहिर मालिक, जीवन जोशी,दलजीत कक्कड़,परमजीत सिंह पम्मी,बलविंदरसिंह,मोह्मद आरिफ,हरभजन सिंह, संतोष ठाकुर, शिब्बू सक्सेना,अशोक मित्रा,पुनीत यादव,अख्तर रजा, महेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिन्धी,त्रिपत पाल सिंह, भानु वासवानी,जस्सी देओल,सुधा जोशी,प्रेमा भट,मीना सिंह, सोनी बोरा, वंदना यादव,छाया विश्नोई, सुखरानी, राजो,कलावती,रेखा यादव,शीतल गंगवार, संतोष सिंह,फरियाद शाह,बंटी पपनेजा, रणजीत सिंह,छोटू कोली, मिस्बाउल कुरैशी,अफजाल शेरी, राजकुमार कश्यप,जमील अहमद, अफसार कुरैशी,तोशिब अंसारी,मुन्ने अहमद, शिवम् फुटेला आदि लोग उपस्थित रहे।

# विभाजन विभीषिका के सेनानियों को किया नमन

गदरपुर। (उद संवाददाता)। 1947 के विभाजन के समय हुए विस्थापन से जो लाखों लोग प्रभावित हुए और जिनकी जाने गई उनकी याद में मनाए जाने वाला विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गदरपुर शहनाई वाटिका में विभाजन का दंश झेलने वाले लोगो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय रक्षा एव पर्यटन राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से सांसद अजय भट्ट भी मौजूद रहै। कार्यक्रम मे अजय भट्ट ने कहा की देश के टुकड़े होना उस




समय के कुशासन का नतीजा था जिसके कारण लाखों लोगों को यह विभाजन का दुख सहना पड़ा और विस्थापित होना पड़ा उस विस्थापन के दुख की कल्पना करना भी संभव नहीं है इसके उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने विभाजन के समय हुए शहीदो को नमन करते हुए कहा कि विभाजन का समय हमारे इतिहास के लिए सबसे काला समय था जिसमें लाखों लोगों तो अपना घर मजबूरी में छोड़कर इधर उधर भटकना पड़ा और इसका प्रभाव आज तक हम लोगो को देखने को मिलता है और आज इस सम्मान समारोह के माध्यम से वाह लोग जो विभाजन का दंश झेला उन्हे सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, जिला महामंत्री सुदेश चौहान,मोहन बिष्ट,मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,विटू चौहान,महेद्र कालडा, राजकुमार गुम्बर, परविनदर विर्क,अभिषेक गोयल,वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर,सुभाष गुमबर, अशोक हुडिया,पदाधिकारी गुरबक्श बगगा,लविश अरोरा, विकास गुप्ता, नरेश हुड़िआ,अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा,मनोज कुमार, परमजीत सिंह पममा ,निर्मल नारंग,अशोक छावडा,अश्विनी कुमार,मुनी भूसरी, अभिषेक गुमबर, आकाश कोचर, कुनाल रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ब्रिलियंट एकेडमी में देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजाद नगर ट्रांजिट कैंप में स्थित ब्रिलिएंट एकैडमी जूनियर हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के कार्यक्रमों के साथ हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने मां सरस्वती एवं भारत मां के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं में राष्ट्रगान गाकर वातावरण को देश भक्ति सराबोर कर दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा राष्ट्र को समर्पित गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन देश को अंग्रजों की गुलामी की जंजीरों से पूरी तरह से मुक्ति मिली थी। आज हमें देश के प्रति अपने नैतिक दायित्व एवं जिम्मेदारी को निभाने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरुजनों के ऊपर सबसे बड़ी




जिम्मेदारी है बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र सेवा एवं देश सेवा के लिए भी प्रतित करें। देश एवं बच्चों बेहतर भविष्य निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्रधानाचार्या बुलबुल राय ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले शहीदों तथा महापुरुषों को कभी नहीं भूलना चाहिए। दैनिक शिक्षा के साथ ही महापुरुषों के जीवन इतिहास को भी पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने भविष्य को संवारने के साथ देश के भविष्य एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। समाज में व्याप्त बुराइयों से स्वयं दूर रहकर इसे समाप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। अंत में भारत माता के जयघोषों के साथ कार्यक्रम का समापन कर मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी सुशील मंडल, वरिष्ठ समाजसेवी रामधनी मिश्रा, समाजसेवी सुदर्शन शर्मा, उप प्रधानाचार्य दुर्जन लाल कश्यप, गोपाल कृष्ण, सुब्रत मलिक, अशोक कुमार मौर्य, पूजा गुप्ता, प्रियंका पाठक, दिया राय, कु. पिंकी, उर्मिला, पुष्पा गुप्ता, श्रीमती भागीरथी सलोनी, रूपा राठौर, सलोनी शर्मा, ज्योति सिंह, कुमारी सुनीता, शिवानी पाल, महिपाल सिंह, मंजू देवी, रेखा, प्रवेश रानी, त्रिकोली देवी उपस्थित थे।

# तिरंगा रैली निकालकर मनाया आजादी का जश्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। आजादी के जश्न का उल्लास गदरपुर में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने हर्षो उल्लास के साथ मनाया 15 अगस्त बृहस्पतिवार के दिन सुबह 9 बजे मुस्लिम समाज के लोग राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर के पास एकत्रित हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में लगभग 100 से अधिक लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा रैली निकाली वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। रैली का नेतृत्व मोहम्मद शादाब, शाकिर अली और फैजान के द्वारा किया गया जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज पर मिष्ठान भी वितरण किया गया। रैली में देशभक्ति के नारों के साथ चलते हुए मुस्लिम समाज के लोग मेन मार्केट होते हुए दिनेशपुर चौराहे तक पहुंचे जहां रैली का समापन



किया गया। इस दौरान मोहम्मद शादाब ने बताया कि 78 व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गदरपुर में हर व्यक्ति देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया मुस्लिम समाज द्वारा सभी को देशभक्ति का संदेश देने के लिए तिरंगा रैली निकाली गई वही शाकिर अली ने बताया कि सभी मुस्लिम भाइयों के सहयोग से हम तिरंगा रैली निकालने में सफल हो पाए हैं रैली में देशभक्ति के नारों के साथ शांतिपूर्वक रैली निकाली गई है और स्वतंत्रता दिवस मनाया गया वही फैजान ने बताया कि नगर का मुस्लिम समाज अब हर कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है चाहे वह देशभक्ति का हो या सामाजिक हो भारत को आजाद हुए 78 साल हो गए और 78 वे स्वतंत्रता दिवस को मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया वहीं सुरक्षा की दृष्टि से गदरपुर पुलिस और खुफिया विभाग भी अलर्ट रहा इस दौरान आमिल खान, नाजिम अली, अफनान अली, हनीफ,सलीम बाबा, जाखिर अली, फुरकान अली,जाबिर, राशिद, महफूज, सहित एक सो से अधिक लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न संस्थाओं ने ध्वजारोहण कर मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा व्यापारियों के सहयोग से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गुरुद्वारा मार्केट में ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान, मिष्ठान वितरण के उपरांत पौधों का वितरण किया गया । इस अवसर पर दीपक बेहड़, संदीप चावला,राहुल अनेजा, राजकुमार भुड्डी, धर्मचंद खेड़ा सहित तमाम वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष



गुरविंदर सिंह विर्क और अनहद ज्वेलर्स के अमरजीत सिंह संधू के सौजन्य से मिष्ठान वितरण किया गया । कांग्रेस कमेटी द्वारा हजारीलाल पेट्रोल पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान, मिष्ठान वितरण किया गया। वही गदरपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान द्वारा ध्वजारोहण करने के उपरांत सहकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद में पर्यावरण मित्र उर्मिला देवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।



# मीना शर्मा ने किया ध्वजारोहण

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने देश की आजादी की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों में ध्वजारोहण किया,और तिरंगे को सलामी दी स इससे पूर्व श्रीमती मीना शर्मा शहर के विभिन्न स्कूलों में पहुंची,जहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया स यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने में हमारे



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,और हमारे अमर शहीदों को आज का दिन नमन करने का है,और उन्हें श्रद्धांजलि देने का है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि हम सभी आज शपथ लें कि हम उनके रास्ते पर चलकर देश को अखंड और समृद्धशाली बनाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर करेंगे। इधर श्रीमती शर्मा स्वर्णिमा शिशु भारती स्कूल खेड़ा पहुंची, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया स इस अवसर पर स्कूल की संरक्षक शमा परवीन,हरपाल सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली,निशा,मीना,मंजू,दिनेश मौर्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# घर में घुसे सांप को किया रेस्क्यू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि घर में घुस आए सांप को वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर लिया। जानकारी के अनुसार हिमालया फार्म निवासी मोहन राजपूत के घर में रात के समय सांप घुस गया। जिससे पूरा परिवार दहशत में आ गया। घर में सांप घुस जाने की वजह से परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। सुबह सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

# किच्छा में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

किच्छा(उद संवाददाता)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस क्षेत्र में हर्षों उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में स्कूली छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा देश की एकता अखंडता के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। आज प्रात: निर्धारित समय पर तहसील प्रांगण में उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कोतवाली में कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा जिला मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा इंदिरा गांधी खेल मैदान में नगर पालिका परिषद की 151 फीट ऊंचे ध्वज का रोहण क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह द्वारा किया गया इससे पूर्व नगर पालिका कार्यालय में भी अधि शासी अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर के तमाम स्कूलों में ,नवीन मंडी स्थल में तथा दक्षिणी सहकारी समिति के साथ-साथ किच्छा शुगर चीनी मिल में अधिशासी निदेशक ने भी ध्वजारोहण किया गया राजकीय प्राथमिक विद्यालय किशनपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी द्वारा विद्युत विभाग के कार्यालय में ध्वजारोहण करने के उपरांत समस्त कर्मचारियों में मिष्ठान वितरण किया गया। तहसील प्रांगण में उप जिलाधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 110 दिव्यांगों को मच्छरदानी वितरित करते हुए पठन-पाठन की सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने दिव्यांग जनों को तथा उनकी देखभाल कर रहे संस्था के उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा जो भी मूलभूत सुविधाएं उनके लिए निर्धारित की गई है वह उनको उपलब्ध कराई जाएगी यह भी कहा गया कि किसी भी समस्या के निदान हेतु वे लोग सीधे उनसे संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।







## हमारी एकमात्र पहचान भारतीयता: तनेजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ता जगदीश तनेजा तथा समाजसेवी सुशील गाबा ने जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में आयोजित 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में दीप प्रज्वलन, झंडारोहण कार्यक्रम व रंगारंग कार्यक्रमों में पूर्व पालिका अध्यक्षा श्रीमती मीना शर्मा, पार्षद मोनू निषाद, सौरभ राज बेहड़ सहित अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता जगदीश तनेजा ने कहा कि धर्म और जात पात से भी ऊपर हमारी सर्वोच्च पहचान भारतीयता है। हम रंग रूप क्षेत्र भाषा के रूप में भिन्नता रख सकते हैं लेकिन एक तिरंगे झंडे के नीचे हमारी एकमात्र पहचान भारतीयता है और इसी पहचान के साथ हम पूरे विश्व में आगे बढ़ेंगे। युवा समाजसेवी एवं प्रखर वक्ता सुशील गाबा ने अपने जबरदस्त संबोधन में कहा कि भारत महात्मा गांध



ी भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमि है। आज यदि देश के प्रधानमंत्री से लेकर आम आदमी तक भारत से बाहर जाते हैं तो वहां यही बताता है कि हम सर्व धर्म समभाव वाली भूमि भारत से आए हैं, हम गांधी के भारत से आए हैं। उसे गांधी के देश से, जिसने अपने अहिंसक आंदोलन से पूरे भारत वर्ष की जनता को तिरंगे तले एक सूत्र में बांध दिया और आजादी की लड़ाई को अंजाम तक पहुंच कर हमें स्वतंत्रता दिलाई। इस दौरान जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक सुमित राय, ममता रानी,निशांत शाही, रणजीत सिंह राणा उमा पार्षद प्रीति साना, सोफिया नाज समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## स्टोन रिज स्कूल में 78वें स्वतंत्रता दिवस की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्टोन रिज इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 78वीं स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्टोन रिज इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन के करकमलों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। अतिथि आदित्य सलुजा एवं प्रधानाचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धारा प्रवाहित हुई। विद्यालय के चारों सदनों ने आयोजित प्रतियोगिता में अपनी-



अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जन-समुदाय को भाव-विभोर करते हुए करतल ध्वनियों को खूब बटोरा भारतीय संस्कृति में विभिन्नता में एकता. ध्यान एवं ज्ञान का भारत, मार्डन इंडिया की झलकियाँ प्रस्तुत करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश प्रेम के पद पर सदा अग्रसर रहने का संकल्प लिया गया। बच्चों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर करते हुए वातावरण देशप्रेम मय कर दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए देशसेवा हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया तथा सभी बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर यूनिकॉन सदन एवं द्वितीय स्थान पर सेंटॉर सदन रहे। विद्यालय सदन के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वत्रंता दिवस की बधाई देते हुए सभी को देश का गौरव बढाने के लिए प्रेरित किया।

## धूमधाम से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आज ट्रांजिट कैम्प स्थित सरस्वती शिशु निकेतन स्कूल से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमे स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर देशभक्ति के गीत गाए और जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात झंडारोहण विद्यालय के प्रबंधक इंद्रजीत पॉल द्वारा किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम समापन पर मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान श्रीमती रीमा पॉल गुप्ता, श्रीमती चंद्रावती मंडल, कु. ज्योति आईच, पूर्णिमा हालदार, वंदना पाटीदार, मुन्नी जोशी, सुनीता यादव, रीया डे, पूनम आईच, नंदिता अधिकारी, पूजा, संजना, मुस्कान, सौरव पाल, अमित कुमार, आया मंजू जोशी आदि अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थिति



रही।वहीं मां शारदा देवी विद्या मंदिर में भी 78 व स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें झंडा रोहण कार्तिक चक्रवर्ती विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजधारी, निवर्तमान पार्षद सुशील मंडल, विद्यालय के सह प्रधानाचार्य सपन कुमार पाल, सुखदेव मंडल, दीपक मंडल, दीपा कश्यप, अंकिता आदि अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

## छात्रवृति प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हेल्पिंग हैंड सोशियल वेलफेयर सोसायटी द्वारा गत 4 अगस्त को सिटी कलब में आयोजित छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा आज कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 125 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। जिनमें से कई बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी की दिल जीता। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम में कुल 30 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई है। जिसमें से हैं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कक्षा 5 से शिवा बाल विकास सरस्वती शिशु मंदिर, रम्पुरा, कक्षा 6 से वंदिता शर्मा विद्या सागर जुनियर हाई स्कूल, खेड़ा.कक्षा 7से विराज प्रज्ञा भारती जूनियर हाई स्कूल व कक्षा 8 से पायल गोयल सूपर इंटर कॉलेज खेड़ा,



शामिल हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी। संस्था आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं। संस्था द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हेल्पिंग हैंड्स संस्था की खुशबू अग्रवाल, मानसी गोयल, विदुषी अग्रवाल, नैन्सी बंसल, मानसी खंडेलवाल, जूही गोयल, शिवानी गोयल, राधिका अग्रवाल, सृष्टि मित्तल व नेहा हुरिया आदि मौजूद थीं

## न्यू वुडलैंड में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस ट्रांजिट कैम्प कृष्णा कालोनी स्थित न्यू वुडलैंड ऐकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गया। मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक दिलीप अधिकारी ने कहा कि आज के दिन देश ने पूरी तरह से गुलामी की जंजीरों से मुक्ति पाई थी। हमें देश को आजाद कराने वाले सभी शहीद सैनानियों व महापुरूषों को कभी नहीं भुलाना चाहिए। इस मौके पर बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान सारा वातावरण देश भक्ति के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि विकास शर्मा, धीरेश गुप्ता, अर्जुन विश्वास, अंगद भारद्वाज, प्रेमपाल गंगवार, बाबू सिंह, राहुल अधिकारी, कृष्ण पद विश्वास, कल्याण राम, कृष्ण पाल, सुकुमार अधिकारी, प्रधानाचाय लाल बहादुर गंगवार, सुनील गंगवार, नरेन्द्र शर्मा, अचिंता अधिकारी, दिनेश चन्द्र, नीरज सिंह, संतोष चौहान, अंकित आनन्द, मीना कश्यप, सरोज, सपना शर्मा, सुनीता धौनी, ज्योत्सना, कुन्दू, अनामिका डे, ममता पाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर आज जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रात: 09.00 बजे कर्नल सीबी पुन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय भवन पर तिरंगा लहराया गया। इस मौके पर सूबेदार आनन्द गिरि, सहायक अधिकारी, प्रकाश चन्द्र गासीवाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी महेश चन्द्र भट्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व पैटी औफिसर किशन सिंह रावत, पूर्व हवलदार मनोज कुमार पाण्डेय, पूर्व हवलदार सुनिल कुमार, पूर्व नायक सुदर्शन सिंह, पूर्व नायक गिरीश चन्द्र भट्ट, पूर्व हवलदार लक्ष्मण सिंह, पूर्व हवलदार रूप सिंह अधिकारी, पूर्व हवलदार अजय कुमार, देबू एवं अन्य भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।




समस्त
उत्तराखण्डवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
रक्षाबंधन
कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ
रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
जय हिंद
सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएँ। आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को और सशक्त बनाएँ।
- नरेन्द्र मोदी
हर घर तिरंगा फहराएँ और इसे राष्ट्रीय एकता, गर्व और प्रगति के रंगों से सजाएँ
तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए harghartiranga.com पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें
cbc 22201/13/0006/2425
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण प्रातः 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में भावुक हुए लोग







## विभाजन विभीषिका सेनानियों को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं संगठन महामंत्री अजय कुमार ने किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा के ग्रैंड हेरिटेज सभागार में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री अजय कुमार और कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जिला अध्यक्ष कमल जिंदल के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका सेनानियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर और प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कई सेनानियों की आंखों में आंसू छलक आए, जो इस भावुक क्षण में गर्व से अभिभूत हो गए। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल किच्छा एवं सेंट पीटर स्कूल किच्छा के बच्चों द्वारा देशभक्ति से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं संगठन महामंत्री अजय कुमार जी का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विभाजन की त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 14 अगस्त 1947 का दिन हमारी आजादी का जश्न तो था, लेकिन विभाजन ने इस खुशी को गहरा दर्द बना दिया। लाखों लोग मारे गए और करोड़ों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा। यह विभाजन केवल जमीन का नहीं था, बल्कि दिलों और भावनाओं का भी था। आज हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन की आहुति दी, और उन विभाजन सेनानियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने इस दर्दनाक समय में साहस का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर यह स्मृति दिवस मनाया जा रहा है, ताकि हम उन कठिनाइयों को न भूलें और भविष्य की पीढ़ियों को इस त्रासदी से अवगत कराए। जोशी ने सेनानियों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विभाजन के सेनानियों को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन सभी लोगों को याद रखना है जिन्होंने विभाजन के दर्द को सहा है। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजेय कुमार ने विभाजन की भयावहता और उससे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ष्भारत-पाक विभाजन केवल एक भूगोलिक विभाजन नहीं था, बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और समाज का विभाजन था। लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई, और जो बचे, वे अपने घरों से बिछड़ गए। आज भी विभाजन का दर्द लोगों के दिलों में जिंदा है। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार ने इस दिवस को मान्यता दी ताकि वर्तमान पीढ़ी इस इतिहास को समझ सके और उससे सीख ले सके। विभाजन के शहीदों और सेनानियों की कहानियां हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो हमें यह सिखाती हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी एकजुटता और साहस का महत्व कितना बड़ा होता है। अजय कुमार ने यह भी कहा कि विभाजन की विभीषिका को भुलाना संभव नहीं है और इस स्मृति दिवस के माध्यम से हम देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि ऐसे ऐतिहासिक घटनाओं से हमें सबक लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में जनता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विभाजन के दौरान उत्तराखंड के लोगों द्वारा सहन की गई पीड़ा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ष्विभाजन का दर्द केवल भारत के सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका असर देश के हर कोने में महसूस किया गया। किच्छा और आस-पास के क्षेत्रों में भी बहुत से लोग विभाजन के शिकार हुए, जिन्हें अपना घर-बार छोड़कर नए जीवन की शुरुआत करनी पड़ी। शुक्ला ने आगे कहा, ष्हमने इस कार्यक्रम का आयोजन उन सेनानियों की याद में किया है, जिन्होंने इस विभाजन के दौरान संघर्ष किया। मैं प्रभारी मंत्री गणेश जोशी जी से निवेदन करता हूं कि किच्छा में एक सेनानी स्मारक का निर्माण किया जाए, ताकि हम उनके संघर्ष और बलिदान को हमेशा याद रख सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विभाजन के शहीदों और सेनानियों को याद करने का जो बीड़ा उठाया है, वह सराहनीय है, और इस प्रकार के आयोजन हमें हमारे इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं को फिर से समझने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में विभाजन के दर्द और संघर्ष को याद किया गया, जिससे यह एक अत्यंत भावनात्मक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण आयोजन बन गया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोड़ा, पंजाबी सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घइ, दर्जा राज्य मंत्री राजपाल सिंह, उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, युवा पंजाबी सभा प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा धीरेंद्र मिश्रा, जिला आईटी संयोजक मोहन तिवारी, मंडी समिति पूर्व अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल, रामू द्विवेदी, राकेश सिंह, अविनाश ठुकराल, शशि शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, जिला पंचायत सदस्य हरविंदर कौर, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख मनदीप कौर, सभासद संदीप आरोरा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, पंजाबी सभा नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, ग्रामीण अध्यक्ष राज गगनेजा, प्रदेश बंगाली समाज समिति अध्यक्ष देबू मंडल, सिंधी समाज अध्यक्ष किशन लाल एलानी, प्रमोद ठुकराल, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित नारंग, कुंदन लाल खुराना, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा विमल मंडेला, लक्ष्मण खुगगर, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, राज पापनेजा, सुनील पपनेजा, अमन मदान, अक्षय अरोड़ा, अनिल यादव, अविनाश ठुकराल, शेर सिंह विर्क, ग्राम प्रधान जोगिंदर सिंह जिंदू, दीपक मिश्रा, वीरेंद्र यादव, विपिन जलहोत्रा, ओम तनेजा, नारायण पाठक, रविकांत वर्मा, मयंक तिवारी समेत हजारों लोग उपस्थित थे।











## विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस समारोह की सफलता पर जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह पर निवर्तमान कोषाध्यक्ष व्यापार मण्डल एवं कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी नितिन फुटेला ने कहा है कि ग्रैंड हेरिटेज में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्य क्रम को विभाजन के दौरान प्रभावित परिवारों के सदस्यों द्वारा एवं किच्छा के नागरिकों द्वारा सफल बनाया है जिसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को विभाजन विभिषिका से रूबरू होना चाहिए । इस कार्यक्रम में सम्मानित विभीषिका प्रभावित परिवार ने अधिक से अधिक संख्या में कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। विभाजन विभीषिका के मीडिया प्रभारी नितिन फुटेला ने कार्यक्रम सफल होने पर सभी को बधाई एवं शुभ कामनाएँ दी और विभाजन विभिषिका पर दु:ख भी व्यक्त किया उन्होंने कहा की जहां एक आजादी की खुशी मिली वही दूसरी तरफ विभाजन का दंश झेलना पड़ा।



## स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण कर शहीदों को किया नमन

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री रामलीला ग्राउंड में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने झंडारोहण किया। इस दौरान उन्होंने शहीदों को नमन किया। इसके अलावा विभिन्न सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों में भी झंडारोहण कार्यक्रम के साथ ही देशभक्ति रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसडीएम कार्यालय में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी पंडित दिगंबर सती को एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा ने सम्मानित किया। 15 अगस्त के अवसर पर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा, तहसील में तहसीलदार पूजा शर्मा, कोतवाली में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, नगर पालिका परिसर में ईओ नौसाद हसीन, खंड विकास कार्यालय में ब्लाक प्रमुख कमलजीत कौर, बीडीओ सीआर आर्य, विद्युत विभाग में ईई चंदन सिंह बस्नैत, सिंचाई विभाग में ईई आनंद सिंह नेगी ने झंडारोहण किया। इसके अलावा एसएम पब्लिक स्कूल, श्री चौतन्या टेक्नोलॉजी पब्लिक स्कूल, जयपुरिया स्कूल, एसआरएम पब्लिक स्कूल, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सन राइज पब्लिक स्कूल, जीआईसी आदि विद्यालयों में देशभक्ति, रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा श्री रामलीला ग्राउंड में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने झंडारोहण कर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर वरिष्ठ उद्योगपति शिवकुमार मित्तल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, विजय सलूजा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह, दीपक गुप्ता, दयानंद तिवारी, अनिरुद्ध राय, भैरव दत्त भट्ट, भोला जोशी, बिशन दत्त जोशी, बीना साहू, राजेश जिंदल, गुरदीप चौहान, अमित रस्तोगी, हामिद अली, सरफराज अंसारी, जलील अंसारी, मुशीर लारी,सैयद फुरकान अली आदि थे।



# हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च







रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बंग्लादेश में हिन्दुओ के नरसंहार अत्याचार के खिलाफ भारतीय पार्टी ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध किया। कैंडल मार्च अम्बेडकर पार्क के पास से आरम्भ हुआ जहाँ बड़ी संख्या मे भाजपाई एकत्रित हुए और सभी ने हाथ में बैंनर व कैंडल लेकर जलूस के रूप मे मुख्य बाजार से होते हुए भगत सिंह चौक से निकलकर गल्ला मंडी जाकर कैंडल मार्च का समापन हुआ। कैंडल मार्च मे सांसद अजय भट्ट भी शामिल हुए, उन्होंने कहा बांग्लादेश मे कट्टरपंथी विचारधारा के लोगो के द्वारा जिस प्रकार से हिन्दुओं के साथ कत्लेआम महिलाओ के साथ दुर्व्यवहार हमारे मंदिरों को जिस प्रकार तोड़ा जा रहा है यह बहुत निंदनीय है। जो मानवता को शर्मशार करने वाला है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और भारतीय जनता पार्टी बांग्लादेश में बसे हिन्दुओ के साथ पूरी तरह से खड़ी है। हम यह विरोध प्रदर्शन के माध्यम से वहाँ की सरकार से कहना चाहते हैं कि वह हिन्दुओ के खिलाफ हो रहे अत्याचार करने वालों पर कठोर कार्यवाही करे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने कहा भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश भर मे बांग्लादेश मे हिन्दुओ के खिलाफ हो रहे अत्याचार उनकी बेहराहमी से हो रही हत्या के खिलाफ लगातार अलग अलग माध्यम से प्रदर्शन कर रही है जिसका साफ सन्देश है हम अपने हिन्दु भाइयो के साथ पूरी एकजुटता के साथ खडे हैं। बांग्लादेश मे हो रही घटनाओ की तस्वीर सामने आ रही है वह मन विचलित करने वाली है जिससे भारत का हिन्दु आहत है हम विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश की सरकार को कहना चाहते है कि वह के अल्पसंख्यक हिन्दुओ को सुरक्षा दे उनके जीवन को सुरक्षित करने का कार्य करे। कैंडल मार्च के माध्यम से भाजपा कार्यकताओं ने दिवंगत लोगो की आत्मा की शांति की प्रार्थना भी की । कार्यक्रम में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कहा आज बांग्लादेश मे हिन्दुओ के साथ हो रहे कत्लेआम नरसंहार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने हिन्दुओ के समर्थन मे कैंडल मार्च का आयोजन किया जिसमे भारी संख्या मे लोग शामिल हुए सभी की आँखो मे बांग्लादेश की घटना लेकर भारी आक्रोश है ऐसी घटना मन को झकझोर देने वाली है जिस प्रकार से जमाते इस्लाम और वह के कटटरपंथी लोगों द्वारा हिन्दुओं के कत्लेआम किये जा रहे हैं मंदिर तोड़े जा रहे है उसके खिलाफ भारत का हिन्दु सड़कों पर उतर के बांग्लादेश की सरकार को स्पष्ट संदेश देना चाहता है यह कत्लेआम बंद हो । वहां की सरकार हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विधायक ने कहा पूरे विश्व का हिन्दु अपने बांग्लादेश के हिन्दु लोगों के साथ खड़ा है। विधायक ने कहा कि 1951 मे बांग्लादेश मे हिन्दु 22% था, जो घटकर 7% रह गया, जिससे प्रतीत होता है कि बांग्लादेश मे हिन्दुओं को समाप्त करने की कटटरपंथी लोगो द्वारा साजिश की जा रही है जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। वहाँ की सरकार ऐसी घटनाओ पर तत्काल अंकुश लगाये जिससे वहाँ शांति कायम हो सके। इस दौरान प्रदेश मन्त्री विकास शर्मा, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, सुरेश कोली, राजेश बजाज, के के दास, सुशील यादव, सोनू अनेजा, राधेश शर्मा, राजकुमार शाह, धीरेश गुप्ता धर्म सिंह कोली , अमित नारंग, उपेन्द्र चौधरी, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, धीरेंद्र मिश्रा, राजेश जग्गा, सुनील ठुकराल, व अन्य लोग मौजूद रहे।





## मरे सांप को मछली समझ पकाकर खा गये दो भाई

रामनगर (उद संवाददाता)। दो नाबालिग बच्चों ने मरे सांप को मछली समझकर आग में पकाकर खा लिया। सांप को खाते-खाते जब तक वो उसके सिर तक पहुंचते, उनकी मां आ गई। मां ने उनके हाथ से सांप को झटककर फेंक दिया। जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम पुछड़ी नई बस्ती क्षेत्र में प्लास्टिक कूड़ा इकट्ठा कर आजीविका चलाने वाले एक परिवार के दो बच्चों जिनमें एक की उम्र 8 साल और दूसरे की लगभग 10 वर्ष है। दोनों ने एक मरे हुए सांप को मछली समझ कर पकड़ लिया। दोनों बच्चों ने सांप को आग में पकाकर खाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मां आ गई। मां ने जब देखा कि बच्चे सांप को खा रहे हैं तो उसने तुरंत उनसे सांप छीनकर फेंक दिया। इसके बाद घरवाले बच्चों को लेकर तराई पश्चिमी में सांपों का रेस्क्यू करने वाले तालिब हुसैन के पास लेकर आये। तालिब ने सांप काटने पर उपयोग होने वाली जड़ी-बूटी दोनों बच्चों को दी। हालांकि बच्चों की किस्मत अच्छी थी कि जिस सांप को उन्होंने खाया वो जहरीला नहीं था। जब वो सांप को आग में पकाकर खा रहे थे तो जब उसके सिर को खाते, उनकी मां की नजर उन पर पड़ गई। सांपों का रेस्क्यू करने वाले तालिब ने बताया कि इन बच्चों ने पास में ही एक मरा हुआ सांप देखा और उसको मछली समझ कर आग में डाला और दोनों खाने लगे। गनीमत रही कि उन्होंने सांप का सिर नहीं खाया, वरना दोनों की जान जा सकती थी। तालिब ने लोगों से सांपों को न मारने की और सांप दिखने पर तुरंत ही वन विभाग तराई पश्चिमी को सूचना देने की भी अपील की है।मामले में रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय की सीएमएस डॉक्टर चंद्रा पंत ने बताया कि ऐसे मामलों में तुरंत ही पीड़ित को अस्पताल ले जाना चाहिए. अस्पताल में डॉक्टर के परामर्श के अनुसार ही इलाज करवाएं।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

कार्यालय नगर पालिका परिषद
सितारगंज,उधमसिंहनगर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
1. नगर को स्वच्छ बनानें में सहयोग करें।
2. गृहकर व अन्य देयकों का भुगतान समय से करें।
3. नगर पलिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
4. जन्म व मृत्यु पंजीकरण समय से करायें।
5. प्रतिबन्धित सामग्री पालीथीन तथा थर्माकोल से बनें उत्पादों का प्रयोग न करें।
6. अपने घरों से गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग दे।
नौशाद हसीन
अधिशासी अधिकारी
रविन्द्र जुवांठा
एसडीएम / प्रशासक
निवेदकः समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद, सितारगंज

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

नगर पंचायत, गूलरभोज उधम सिंह नगर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-:अपील:-
- नगर पंचायत के करों का समय से भुगतान करें।
- नगर पंचायत, गूलरभोज द्वारा स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था की गयी है। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है इन्हे सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।
- डेंगू से बचाव हेतु अपने घरों के आस-पास स्वच्छता बनाये रखें, पानी के सभी बर्तनों को ढककर रखें, घर में रखे खाली टायरों गमलों एवं कूलर में पानी एकत्रित न होने दें।
- नगर पंचायत, गूलरभोज क्षेत्रान्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबन्धित है कृपया शादी/विवाह या किसी भी शुभ अवसर पर पॉलीथीन से बनी सामग्री (सिंगल यूज प्लास्टिक) का उपयोग न करें।
- स्वच्छ सर्वेक्षण - 2024 में अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान दिलाने हेतु कृपया अपने घरों के आस-पास सफाई रखें, स्वच्छता ऐप का प्रयोग करें एवं अपना अमूल्य फीडबैक दें।
- कृपया नगर पंचायत, गूलरभोज के सफाई कर्मचारियों को गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग उपलब्ध करायें।
- अपने घरों का कूड़ा सार्वजनिक स्थानों पर ना डालकर नगर पंचायत के डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों में ही डालें।
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, गूलरभोज
उधम सिंह नगर।
प्रशासक
नगर पंचायत, गूलरभोज
उधम सिंह नगर।


उत्तराखण्ड शासन
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में नए उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइए, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।
जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा
15 अगस्त 2024
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड


स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर्व की सभी प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुमित लोहनी
जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नैनीताल
रामनगर जिला नैनीताल


स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर्व की सभी प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शेखर तिवारी
वन क्षेत्राधिकारी
कोसी रेंज रामनगर वन प्रभाग
रामनगर जिला नैनीताल


स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर्व की सभी प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीवान सिंह बिष्ट
विधायक
रामनगर जिला नैनीताल

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड परियोजना पर कार्य प्रारंभ।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान।
- देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे (इकोनॉमिक कारिडोर) का निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिए पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। श्री केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गाँवों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया वेड-इन-उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकार नए वेडिंग डेस्टिनेशन कर रही विकसित।




**नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**

## रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR










# यूपी सरकार में राज्य मंत्री बनाने के नाम पर लाखों ठगे

## शातिर ने दो करोड़ में किया था सौदा, पूर्व में कई बार जा चुका है जेल, दिल्ली के उत्तर प्रदेश भवन में भी सक्रिय है नेटवर्क

काशीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बनाने के नाम पर काशीपुर निवासी एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठगे जाने का हैरत अंग्रेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। निकट पंत पार्क, स्टेशन रोड काशीपुर निवासी उदित बंसल पुत्र प्रमोद बंसल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी अमित काम्बोज पुत्र सुखवीर सिंह निवासी जीसी ग्राउण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश से पुरानी पहचान है। दिनांक 28.05.2022 की शाम के लगभग 4 बजे अमित काम्बोज उनके निवास स्थान स्थित कार्यालय पर मिलने आया तथा उन्हें बताया कि वह जिम कॉर्बेट पार्क से आ रहा है। उसने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में कोई राज्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य का पद चाहिए तो वह दिला सकता है, क्योंकि उसकी व उसके भाई मनोज काम्बोज की उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में उच्च नेताओं व मंत्रियों से जान पहचान है तथा ऐसे किसी पद के लिए दो करोड़ रुपये भाजपा के पार्टी फण्ड में उसके मार्फत देने होंगे। उदित ने बताया कि क्योंकि अमित काम्बोज उनकापूर्व परिचित था, इसलिए उन्होंने उसकी बात पर भरोसा कर उसे लखनऊ आने-जाने के खर्चे के लिए 40 हजार रुपये नकद दे दिये। दिनांक 3.06.2022 को दोपहर लगभग 12 बजे अमित काम्बोज ने उन्हें फोन कर कहा कि वह लखनऊ से बोल रहा है तथा उसके व उसके भाई मनोज कम्बोज की उक्त पदों के लिए बात हो गई है तथा रात तक पचास हजार रुपये उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दो ताकि वह भाजपा उत्तर प्रदेश के पार्टी फण्ड में मेरी तरफ से जमा कर दें एवं एक बायोडाटा बनाकर भेजने के लिए कहा। उदित ने बताया कि दिनांक 3.06.2022 की शाम के 7 बजे उन्होंने अपना बायोडाटा अमित काम्बोज के व्हाट्सएप पर भेजा तथा 50 हजार रुपये उसे गूगल पे के द्वारा ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद अमित काम्बोज दिनांक 22 जून 2022 तक कई बार फोन पर वह व्हाट्सएप पर टैक्सट व वॉइस मैसेज भेज कर यह भरोसा दिलाता रहा कि वह तथा मनोज पगन्धाज लखनऊ भाजपा सरकार के मंत्रियों व नेताओं से बात कर रहे हैं। अमित काम्बोज ने 22 जून 2022 की सुबह लगभग 8 बजे अपने फोन से एक आदमी से बात करवाई जिसका नाम नरेश निवासी सहारनपुर बताया तथा कहा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का बेहद करीबी है तथा भाजपा का संगठन मंत्री है। उक्त नरेश ने उनसे कहा कि 23 जून 2022 की शाम को लगभग 6 बजे तक दिल्ली आ जाओ और वह (नरेश) उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करा देगा। दिनांक 22 जून 2022 को अमित काम्बोज ने व्हाट्सएप पर एक वॉइस मैसेज भेजा जिसमें मनोज काम्बोज उक्त नरेश तथा एक अन्य आदमी से वार्तालाप थी। दिनांक 23 जून 2022 को शाम लगभग 6 बजे तक वह इंदिरापुरम, गाजियाबाद पहुंचे। वहां से अमित काम्बोज उन्हें लेकर 5, सरदार पटेल मार्ग नई दिल्ली स्थित उत्तर प्रदेश भवन में ले गया। वहां उक्त भवन के बाहर मनोज काम्बोज तथा एक अन्य व्यक्ति मौजूद था, जिसने अपना परिचय नरेश निवासी सहारनपुर फा जताया। उक्त नरेश ने किसी को फोन करा उन्हें उत्तर प्रदेश भवन के अन्दर ले जाने को उसे कहा। उक्त भवन के अन्दर से एक व्यक्ति आया उसने अपना नाम राजकुमार कर्णवाल बताया और कहा कि वह मुख्यमंत्री का ओएसडी है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री जी अभी व्यस्त हैं। उन्होंने कहलवा दिया है कि वक्त मिलते ही उन्हें राजकुमार कर्णवाल के साथ बुला लेंगे। यह कहकर वहीं रिसेप्शन पर इन्तजार करने को कहकर उक्त राजकुमार कर्णवाल मेरे साथ बैठ गया। रात लगभग 10:30 बजे तक इन्तजार करने के बाद भी जब मुख्यमंत्री ने नहीं बुलाया तो राजकुमार कर्णवाल उन्हें भवन से बाहर ले आये तथा अगले दिन सुबह लगभग 7:30 बजे का समय मिलने का लेने के लिए कह कर मुझे जाने के लिए बोल दिया। वहां मौजूद नरेश व मनोज ने रात में होटल आदि के ठहरने के खर्चे के लिए उनसे 25 हजार रुपये नकद ले लिये। उदित ने बताया कि 24 जून 2022 की सुबह लगभग 7:30 बजे से 10 बजे तक काफी इन्तजार करने के बाद भी मुख्यमंत्री नहीं मिले तो उपरोक्त चारों आदमियों ने लखनऊ चलकर मुलाकात करवाने को कहकर पुनः खर्चे के लिए 40 हजार रुपये उनसे नकद ले लिये तथा वह काशीपुर वापस आ गये। दिनांक 25.07.2022 को लगभग 10 बजे अमित काम्बोज ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल कर कर राजकुमार कर्णवाल से बात करने को कहा। राजकुमार कर्णवाल ने उसके बैंक खाते में 1 लाख 10 हजार रुपये पार्टी फण्ड के लिए तथा 9 हजार रुपये खर्च हेतु भेजने के लिए कहा, जिसे उन्होंने उसी दिन राजकुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिये। उदित ने बताया कि अगले कुछ महीनों तक उक्त चारों आदमी उन्हें कुछ कागजात दिखाकर फाइल चलने की बात कहते रहे तथा इस दौरान उनसे 72 हजार रुपये नकद ले लिये। इसके बाद दिनांक 27 अप्रैल 2023 को राजकुमार कर्णवाल का उनके व्हाट्सएप पर फोन आया। उसने कहा कि सील्ड लिफाफा उसके पास आ गया है। 1 लाख रुपये अभी भेज दो पार्टी फण्ड में तथा 5 लाख रुपये लेकर सुबह 8 बजे तक मेरे निवास सात्विक होम्स, राजेन्द्र नगर स्ट्रीट नम्बर-8, देहरादून आ जाओ। इस पर उन्होंने उसके खाते में 1 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। उदित ने बताया कि दिनांक 28.04.2023 की सुबह 8 बजे वह अपने पिता प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. मोहन अग्रवाल के साथ राजकुमार के उक्त देहरादून स्थित घर पर गया। वहां उसने उन्हें सीलबन्द लिफाफा दिखाया जिसके ऊपर उनका नाम तथा प्रेषक उत्तर प्रदेश शासन लिखा था, तथा उस लिफाफे को खोलकर उसमें से पत्र निकाला जिस पर मुख्यामंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के हस्ताक्षर थे तथा मुझे गवर्नर उत्तर प्रदेश को राज्य मंत्री बनाने की संस्तुति थी। राजकुमार ने 5 लाख रुपये और मांगे जो कि मैंने उस वक्त देने को मना कर दिया। उदित ने बताया कि दिनांक 11.05. 2023 को जब वह हैदराबाद गये हुए थे तब राजकुमार कर्णवाल तथा नरेश का फोन आया कि दो-तीन दिन में राजकुमार कर्णवाल के खाते में 5 लाख रुपये डाल दो, जिससे कि पार्टी फण्ड में देकर मेरा सरकार में राज्य मंत्री का पद सुनिश्चित करवाया जा सके। जिस पर उन्होंने अपनी भांजी के माध्यम से 2 लाख रुपये उसके खाते में जमा करवा दिये। उदित ने बताया कि इसके बाद उन्होंने कई बार अमित व राजकुमार को फोन कर उपरोक्त कार्य के लिए पूछा, परन्तु उन दोनों ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को दिन के लगभग 10 बजे उन्होंने अमित को फोन करके अपने सारे 6,46,000 रुपये वापस मांगे तो उसने उसी दिन शाम को लगभग 7 बजे नरेश को कॉन्फ्रेंस कॉल में लिया तथा दोनों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया कि अगर तुझे जिन्दा रहना है तो यह रुपए भूल जा और शेष 2 करोड़ रुपए और दे दे। क्योंकि हमने तेरे लिए राज्य मंत्री का पद की संस्तुति करवायी है और अगर तू पीछे हटा तो तुझे जान से मरवा देंगे। उदित ने बताया कि दिनांक 16.11 2023 को जब उन्होंने देहरादून जाकर राजकुमार कर्णवाल के बारे में आसपास पता किया तो पता चला कि वह पूर्व में भी ऐसी कई ठगी कर चुका है तथा वह किसी भी मुख्यमत्री का ओएसडी नहीं है तथा कई बार पूर्व में जेल भी जा चुका है। उपरोक्त चारों लोगों ने एकराय होकर षड्यंत्र रचकर फर्जी दस्तावेज बनाकर व दिखाकर उनके साथ धोखाधड़ी करी है और अब उन्हें जान से मारने की धमकी देकर उनसे करोड़ रुपए की मांग कर रहे हैं। उदित बंसल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारों लोगों के खिलाफ धारा आईपीसी की धारा 420, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### निष्क्रिय है प्रशासन, दलालों का बोलबाला

काशीपुर। ठगी धोखाधड़ी छल फरेब जालसाजी जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए पौराणिक शहर काशीपुर मुफीद अड्डा बन चुका है। इस तरह के मामलों में पकड़े जाने वाले अधिकांश अपराधी पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश या अन्य लगायत राज्यों के होते हैं। प्रदेश के सीमावर्ती शहरों में हजारों की तादाद में अन्य राज्यों से आकर लोग किराए की जिंदगी बसर कर रहे हैं इनका कोई सत्यापन नहीं है। इनमें से तमाम ऐसे हैं जिनके बारे में बताया जाता है उनकी प्रवृत्ति अपराधिक है। यह संगीत घटनाओं को अंजाम देने के बाद बड़ी ही आसानी से राज्य की सीमा से बाहर निकल जाते हैं। काशीपुर में ठगी धोखाधड़ी जलसा जी की अब तक दर्जनों घटनाएं घटित हो चुकी है जिनमें करोड़ों अरबों रुपए लेकर तथाकथित कंपनियां या फिर व्यक्ति विशेष फरार हो गए लेकिन प्रशासन ऐसे तत्वों पर नकेल कसने के लिए अब तक कोई सार्थक कार्यवाही नहीं कर सकता।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया तिरंगा वितरण अभियान

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने तिरंगा वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घर-घर तिरंगा वितरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है । इस दौरान खटीमा विधानसभा में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक मनोज वाधवा, सहसंयोजक नीलू गुप्ता एवं अनुपम शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रत्येक वार्ड में तिरंगा वितरण किया। लगभग ढाई हजार तिरंगे पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर वितरित किए एवं लोगों को अपने-अपने घरों पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ आने वाली युवा पीढ़ी एवं बच्चों के साथ प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। तिरंगा वितरण कार्यक्रम में ,एस सी मोर्चे के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, ओबीसी मोर्चे के अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, पूर्व सभासद विश्वनाथ यादव, भास्कर जोशी, संतोष गौरव, राहुल सक्सेना, कामिल खान, तारिक मलिक, कमल चौहान, सूरज धामी, तारा बिष्ट, राहुल सक्सेना, मुन्ना आढ़ती, दीपेश तिवारी, राजेश बठला, मेहताब राजा, शशांक वर्मा, हाफिज रहमान, अनवर मलिक, करन यादव ,बबलू, बिट्टू रस्तोगी, अरुण सक्सेना, सन्तोष गौरव, हरीश चुफाल, दीपक सामंत, मोनिश अंसारी, मनीष राणा, तरूण ठाकुर, जावेद रिजवी, विक्की रस्तोगी, तरूण तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पुलिस ने दो जुआरी पकड़े

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गोला पार्किंग के पास जुआ खेल रहे दो लोगों को धर दबोचा। उनके पास से नगदी और ताश की गड्डियां बरामद हुई हैं। जबकि कुछ लोग मौका देखकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बनभूलपुरा थान पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस जब चौकिंग करते हुए गौला पार्किंग के पास पहुंची तो झोपड़ी की आड़ में कुछ लोग खेल रहे थे। पुलिस को देखते ही उनमें अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दो लोगों को धर दबोचा जबकि कुछ लोग भागने में कामयाबी हो गए। पकड़े गए लोगों में मोहसिन पुत्र मुमताज निवासी नूरी मस्जिद इन्द्रानगर और फैसल पुत्र शकील निवासी ला0नं0 -12 शामिल हैं। इनके पास से 930 रूपए की नगदी और ताश की गड्डियां बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गोष्ठी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील ने बताया कि बाजपुर के ग्राम बरखेड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सम्मानित नागरिकों, मतदाताओं को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 विषय पर ज्ञान दृष्टिकोण और अभ्यास का अंतिम चरण सर्वेक्षण-2024 का केंद्रित समूह चर्चा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि चर्चा में मौजूद मतदाताओं से मतदाता सूची में पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया, मतदान का महत्व, कम मतदान के कारण आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। चर्चा में ग्रामीणों द्वारा मतदान प्रक्रिया में आवश्यक सुधार, मतदान प्रतिशत वृद्धि, विशेषकर युवा मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी को बढ़ाने को लेकर अपने- अपने सुझाव रखे गये। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील ने मतदाताओं से सभी निर्वाचनों में बढ़-चढकर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र होकर प्रतिभाग करने व निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार रखने को कहा। अर्थ एवं संख्या निदेशालय से आये अर्थ एवं संख्या अधिकारी गोपाल गुप्ता ने मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बन्ध में उनके ज्ञान, दृष्टिकोण तथा समस्याओं/सुधारों के सम्बन्ध में जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अर्थ एवं संख्याधिकारी गोपाल गुप्ता, ग्राम प्रधान राजेन्द्र सिंह, सदस्य जिला पंचायत हरदेव सिंह हैरी, बीएलओ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# पैगा चौकी क्षेत्र में जड़े जमा चुका है नशे का गैर कानूनी कारोबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी जहां एक ओर जिलेभर में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर समाज को नशा मुक्त करने के लिए प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर मित्र पुलिस के कुछ जवान अवैध कमाई को लेकर जरायम कारोबार को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। आईटीआई थाना क्षेत्र की पैगा पुलिस चौकी अवैध वसूली के मामले में बदनाम हो चुकी है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। गांवों में रहने वाले अधिकांश परिवार कच्ची शराब के कारोबार पर आश्रित है। वीरपुर कटैया खाई खेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी आदि गांवों में हजारों लीटर शराब प्रतिदिन बनाई और बेची जाती है। इस चौकी क्षेत्र में कच्ची शराब के अलग-अलग स्थान पर दर्जनों गैर कानूनी




अड्डे आबाद है। सूत्र बताते हैं कि उपरोक्त गांवों से जरायम कारोबार को संरक्षण देने के नाम पर प्रतिमाह पुलिस लाखों की वसूली करती है। अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि चौकी में तैनात कुछ हेकड़ टाइप के पुलिस कर्मियों को कारखास का जामा पहना दिया गया है। बताया गया कि यह पुलिसकर्मी क्षेत्र के जरायम कारोबारी से लेकर अपराधी तत्वों तथा अन्य गैर कानूनी कार्य करने वालों के सीधे संपर्क में होते हैं। मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर यह पुलिसकर्मी क्षेत्र में अवैध वसूली तथा गैर कानूनी कार्यों को संरक्षण देने का काम करते हैं। राज्य की सीमा पर स्थापित पैगा पुलिस चौकी जिन उद्देश्यों को लेकर स्थापित की गई थी उन उद्देश्यों से वह भटक चुकी है। सरहदी इलाके में असुरक्षा का माहौल है। दिन रात से लेकर सुबह सवेरे तक यूपी की सीमा से दर्जनों की तादाद में ईंट से भरे ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियां बड़ी ही आसानी से बॉर्डर क्रॉस कर जाते हैं। जानकार बताते हैं कि ईंट कारोबारियों का पुलिस से महीना बंधा है लेकिन यदि सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो राज्य की सीमा पर चल रहा है यह गोरख धंधा बेहद संजीदा है इसके भविष्य के परिणाम गंभीर हो सकते हैं।


**78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जनपदवासियों / प्रदेशवासियों को जिला पंचायत अल्मोड़ा की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें**

अल्मोड़ा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु जिला पंचायत अल्मोड़ा सदैव प्रयासरत हैं। **''विकास कार्यों में गुणवत्ता ही हमारा उददेश्य है''**

जिला पंचायत अल्मोड़ा ग्रामीण क्षेत्रों के व्यवसायियों से अनुरोध करती है, कि वे जिला पंचायत के देयकों का समय पर भुगतान कर अपना सहयोग प्रदान करें।

जिला पंचायत अल्मोड़ा ग्रामीण जनता एवं पर्यटकों से निम्न अपेक्षा करती हैं:-

1- उत्तराखण्ड जिला पंचायत अधिनियम 2016 के तहत बनाई गयी उपविधियों के अनुरूप नियमानुसार कोई भी व्यवसाय बिना लाईसेंस के करना नियम विरूद्ध है, अतः लाईसेंस शुल्क एवं विभव एवं सम्पत्ति कर नियमानुसार समय पर जमा कर अपना सहयोग देने का कष्ट करें।
2- ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बाजारों तथा धार्मिक/पर्यटन स्थलों को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।
3- अपने-अपने घरों का कूड़ा सार्वजनिक स्थानों में न डालकर कूड़ेदान में ही डाले ।
4- प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।
5- गीला व सूखा कूड़ा घर से अलग-अलग दें।
6- पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

| (जगदीश प्रसाद) | (राजेश कुमार) | (कान्ता रावत) | (उमा सिंह) |
|---|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| जि0पं0 अल्मोड़ा | जि0पं0 अल्मोड़ा | जि0पं0 अल्मोड़ा | जि0पं0 अल्मोड़ा |

**एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं जिला पंचायत परिवार अल्मोड़ा।**


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश गौरी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं निवर्तमान पार्षद,नगर निगम
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
राष्ट्र हित में बिजली बचाएं
समय से बिजली बिलों का भुगतान करें
चंदन सिंह बसनैत
अधिशासी अभियंता
विद्युत विभाग खण्ड सितारगंज,खटीमा
सितारगंज(उधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें
कमलजीत कौर
ब्लाक प्रमुख
सितारगंज
पलविंदर सिंह औलख
वरिष्ठ भाजपा नेता
एवं समाजसेवी
निवास-ग्राम बघौरा सितारगंज,उधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें
सौरभ बहुगुणा
काबीना मंत्री,उत्तराखण्ड सरकार
विधायक,सितारगंज विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
सचिन गंगवार
निवर्तमान सभासद
वरिष्ठ भाजपा नेता,सितारगंज(उधमसिंहनगर)


सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सिंचाई खण्ड कार्यालय
सितारगंज(उधमसिंहनगर)
आनन्द सिंह नेगी
अधिशासी अभियंता
दीप चंद्र पंत
सहायक अभियंता प्रथम


समस्त क्षेत्रवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
संजय गोयल
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व अध्यक्ष,प्रांतीय व्यापार मण्डल,सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
अकरम बेग
निवर्तमान सभासद वार्ड 1
एवं वरिष्ठ भाजपा नेता,सितारगंज(उधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज गहतोड़ी
निवर्तमान सभासद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता
सितारगंज(उधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डा. कुलदीप रघुवंशी
अध्यक्ष,व्यापार मण्डल गूलरभोज


JIGYASA ACADEMY
Happy
Independence Day
2024
OUR FEATURE
For Class
Pre
Nursery
to
5th
*Certified Teachers *Interactive Atmosphere
Good Infrastructure *Quality Education
Gularbhoj Road, Near S.S. Public School, Gadarpur
263152 (Udham Singh Nagar) Uttarakhand
Mob. 8979300307, 7078418945


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
देवेन्द्र शाही
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ
प्रशान्त शाही
युवा समाजसेवी
रुद्रपुर
निशांत शाही
जिलाध्यक्ष
यूथ कांग्रेस, ऊ.सिं.नगर


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
कुलीप सिंह कंबोज
ग्राम प्रधान,सिसौना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता,सितारगंज


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन
एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनायें
गगन विर्क
युवा समाज सेवी
गदरपुर
राजेन्द्र पाल सिंह
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
गदरपुर


समस्त क्षेत्रवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
कामेश्वर सिंह 'जेटली'
वरिष्ठ समाजसेवी,भगवानपुर(उधमसिंहनगर)


JAI HIND
JAI BHARAT
R.A.N PUBLIC SCHOOL
R.A.N. PUBLIC SCHOOL
PERSEVERANCE CONQUERS ALL
WE WISH ALL CITIZENS A VERY HAPPY INDEPENDENCE DAY
78th INDEPENDENCE DAY
Best Wishes: Wing Commander H K Rai, Chairman,RA.N. Public School


HAPPY INDEPENDENCE DAY
77th Independence DAY
Mount Litera Zee School
Great School Great Future
GIVE A HEAD START TO YOUR CHILD'S DREAMS AND AMBITIONS
Digital Learning
ZEELEARN
Behind Hotel Uday Residency, Kichha Road
Rudrapur, U.S Nagar, Uttarakhand - 263153


LITTLE KINGDOM PREPARATORY
SCHOOL,RUDRAPUR
HAPPY INDEPENDENCE DAY
LITTLE KINGDOM
PREPARATORY SCHOOL
Play Group To Class V
13-A Kalyani View Behind Prem Singh & Sons Petrol Pump,Rudrapur(Udham singh nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
TENDER SOULS'
PUBLIC SCHOOL
Ring Road, Awas Vikas, Rudrapur (U.S. Nagar)
We Salute Our Great Warriors On The Very Day For Their Unforgettable & Brave Valour For The Country
Harish Kataria (Administrator)
05944- 359453, 97564-97970


RAINBOW
PUBLIC SCHOOL
Wish You All A Happy Independence Day
75 Azadi Ka Amrit Mahotsav
Let us all be proud of our beloved nation We shall collectively strive to make India vibrant, strong and supreme
Contact Ph.: 05944-243977, +91 9319396455
Adarsh Colony, Rudrapur-263153, U.S. Nagar (Uttarakhand)
E-mail : rainbowps@rediffmail.com I Website : www.rainbowpublicschool.org


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
वंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रॉरीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


सिडकुल इन्टरप्रिन्योर वेलफेयर सोसायटी (रजि.) पन्तनगर की ओर से
SEWS
समस्त उद्योगों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अजय तिवारी संरक्षक
संजय सिंघल संरक्षक
आशुतोष वर्मन संरक्षक
मनोज त्यागी पूर्व अध्यक्ष
आशुतोष शर्मा पूर्व अध्यक्ष
श्रीकर सिन्हा अध्यक्ष
विकास पाण्डे उपाध्यक्ष
गौरव हरिश महासचिव
गजेन्द्र सिंह सचिव
ललिता जोशी उप सचिव
विनीत शर्मा कोषाध्यक्ष
सन्तोष रगोड़े सदस्य
विवेक गर्ग सदस्य
रविशरण सदस्य
दिवाकर दुबे मीडिया प्रभारी
कुलविन्दर कौर सदस्य
अनुप सिंह सदस्य
मुक्ता टण्डन सदस्य
प्रवीन बानकर सदस्य
संदीप उपाध्याय सदस्य
संतोष सिंह सदस्य
संजय सिंह सदस्य
तेजराम बाघेल सदस्य
राजेश मिश्रा समन्वयक


प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
विभोर बठला
समाजसेवी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आतंकियों के बढ़ते हमले

आतंकवाद किसी भी देश की तरक्की में बहुत बड़ी बाधा है। इससे पार पाने के लिए कड़े कदम और व्यावहारिक रणनीति की जरूरत होती है। मगर तमाम दावों और सख्ती के बावजूद अगर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की जड़ें पूरी तरह नष्ट नहीं हो पा रहीं, तो इसके पीछे व्यवस्थागत कमजोरियां ही बड़ी वजह हैं। पिछले दस वर्षों से घाटी में आतंकवाद को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं। इसके लिए सुरक्षाबलों को चौकस किया गया है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम कसी गई है, राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया। मगर वहां आतंकी घटनाओं में पहले की तुलना में कोई उल्लेखनीय कमी दर्ज नहीं हो पा रही। थोड़े-थोड़े दिनों पर दहशतगर्द घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला कर देते हैं। इस तरह पिछले दस वर्षों में सैकड़ों जवान, फौजी अफसर और आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जम्मू के डोडा में तलाशी अभियान के दौरान एक फौजी अफसर की शहादत उसी की एक कड़ी है। बताया जा रहा है कि वहां तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई और गोली लगने से सैन्य टुकड़ी की अगुआई कर रहा अफसर शहीद हो गया। पिछले महीने भी डोडा में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में चार जवान और एक सैन्य अधिकारी शहीद हो गए थे। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद दावा किया गया था कि वहां आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। बीच-बीच में आंकड़े भी दिए जाते रहे कि अब घाटी में आतंकी गतिविधियां काफी कम हो गई हैं और आतंकी कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर हकीकत यह है कि शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। वे थोड़े-थोड़े समय पर अपनी रणनीति बदलते और सुरक्षाबलों का ध्यान भटकाने का प्रयास भी करते रहते हैं। अब उन इलाकों में भी दहशतगर्दों की मौजूदगी दर्ज होने लगी है, जहां पहले प्राय: शांति हुआ करती थी। सरकार का दावा है कि आतंकियों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसा जा चुका है। सड़क के रास्ते पाकिस्तान से होने वाली तिजारत पहले ही रोक दी गई थी, जिससे सीमा पार से आने वाले हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति पर रोक लगने का दावा किया जाता है। सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें भी काफी हद तक नाकाम कर दी जाती हैं। फिर भी घाटी में दहशतगर्दों के पास साजो-सामान और वित्तीय मदद पहुंच जा रही है और वे लगातार सक्रिय हैं, तो इसकी क्या वजहें हैं, जानने का प्रयास होना ही चाहिए। दहशतगर्दी पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों का भरोसा जीतना जरूरी उपाय माना जाता रहा है। मगर वास्तविकता यह है कि स्थानीय लोगों में पिछले वर्षों में नाराजगी बढ़ी है। स्थानीय युवा हथियार उठाने लगे हैं। इस तरह बाहर के प्रशिक्षित आतंकियों के बजाय स्थानीय स्तर पर ही दहशतगर्द तैयार होते देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से सरकार का संवाद नहीं बन पा रहा। वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया लंबे समय से स्थगित है। लोकसभा के चुनाव तो करा लिए गए, मगर विधानसभा के चुनाव कब होंगे, अब तक घोषणा नहीं हुई है। वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल हो, तो स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने में कुछ मदद मिलेगी। मगर यह तभी संभव होगा, जब सरकार अपने राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित से ऊपर उठ कर प्रयास करे।

# प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है उत्तराखण्ड: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश एवं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वतंत्रता



संग्राम के ज्ञात व अज्ञात गौरव सेनानियों को याद करते हुए कहा कि देश की आजादी एवं सुरक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे अतीत के गौरव की अनुभूति कराने के साथ ही अपने इतिहास से पुन: जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे वर्तमान का आंकलन करने और सुगम भविष्य की राह बनाने के बारे में चिंतन करने का अवसर भी है। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा हुआ है जो सतत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास करते हुए देश ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। हमने स्वतंत्रता के 100 वर्षों अर्थात 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है, आने वाले अमृतकाल के इन 23 वर्षों में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि भारत ने आजादी के इन 77 वर्षों में सभी चुनौतियों का सामना मजबूती से किया है, और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। देश की विकास यात्रा के साथ ही नया उत्तराखण्ड भी मजबूत इरादों से निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रदेश आज देश में तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। आर्थिक वृद्धि दर और विकास के कई सूचकांकों में सुधार कर उत्तराखण्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।राज्यपाल ने कहा की प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए युवा, किसान, मातृशक्ति और उद्यमियों की बड़ी भूमिका रहेगी। प्रदेश के सतत विकास और पलायन को रोकने के लिए कृषि, जैविक खेती, औद्यानिकी, वेलनेस पर्यटन, नवाचार, शोध और नई तकनीक पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन सभी क्षेत्रों के विकास पर फोकस कर हम माननीय प्रधानमंत्री जी के कथन के अनुरूप 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर हैं। राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी, एआई, स्पेस, साइबर, क्वांटम, रोबोटिक्स साइंस में अनंत संभावनाएं हैं, इन क्षेत्रों में अपनी पहुंच को और मजबूत करने के प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भी हमारी मातृशक्ति, प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें राज्य में संतुलित विकास तथा राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं और युवाओं की क्षमता कौशल वृद्धि पर विशेष ध्यान केंद्रित करना है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे देश एवं प्रदेश की प्रगति एवं विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, और यही प्रयास आजादी के महानायकों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। परमानंद सरस्वती शिशु मंदिर में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ तत्पश्चात जिला पंचायत सदस्य तथा विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी, विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र गोस्वामी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण एवं वंदे मातरम के साथ हुआ। उधर गुरुनानक इंटर कालेज नानकमता में स्वतंत्रता दिवस पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव





विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की गई । इस अवसर पर विद्यालय के दानदाता नामदेव उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुनिया देवी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, पूर्व दयाशंकर शर्मा, अभिभावक एवं समाजसेवी राम भरोसे लाल शर्मा, प्रधानाचार्य गौरी दत्त जुकरिया बहिनें, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे। उधर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा नानकमत्ता में 78 व स्वतंत्रता दिवस ानाध्यापक दया शंकर शर्मा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश कुमार विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुमन लता मंडोला एवं सीमा कंचन ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा रंगारंग अमरजीत सिंह और मैनेजर रंजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तरसेम सिंह, शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष जोगेन्द्री देवी राणा, एस एम सी अध्यक्ष पुष्पा देवी तथा सभी अध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ब्लूमिंग डेल्स में किया ध्वजारोहण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर विजय गिरधर, मैनेजर श्रीमती नीलम धंजू, प्रधानाचार्य पंकज लोहनी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला गिरधर व अमित अग्रवाल ने झंडा रोहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने आपने सम्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाइयाँ देते हुए बच्चों को आजादी के महत्व से अवगत करवाया और बच्चों को बताया की किस प्रकार वीर सपूतों ने बलिदान देकर हमारे देश को ब्रिटिश शाशन से मुक्त कराया। हम उन वीर सपूतो को शत शत नमन करते है। इस अवसर पर बच्चो ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें कुमाँऊनी नृत्य , पंजाबी नृत्य , देशभक्ति गीत, भाषण आदि प्रस्तुत किये। आजादी के इस 78 वें पावन पर्व पर स्कूल में आजादी का जश्न पुरे हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी बच्चो को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



# श्री राम पब्लिक स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री राम पब्लिक स्कूल में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सभी ने झंडे को सलामी दी। एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्या जया द्वारा देश के वीर शहीदी की श्रद्धांजलि देने के लिए भाषण दिया गया। स्कूल में



विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने काविता, देशावित के गीत सुनाकर तथा कुछ विद्यार्थियों द्वारा भाषण, नाटक प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर अनिल कुमार गुप्ता , श्रीमती प्रवेश गुप्ता, श्रीमती ज्योति शर्मा, दीपक गुप्ता, मो० अजीम , गीतांजली नेगी, प्रीति मिश्रा व विद्यालय समस्त परिवार उपास्थित थे।

# शिवांश गुम्बर को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने शिवांश गुम्बर को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो छत्तीसगढ़ में आयोजित आर्म्स रेसलिंग नेशनल प्रतियोगिता में उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग करने वाले गदरपुर निवासी शिवांश गुम्बर ने गोल्डमेडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दे कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल



के अध्यक्ष दीपक बेहड़ महामंत्री सन्दीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा द्वारा नगर की उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का काम लगातार किया जाता रहा है ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर की गई प्रतियोगिता में शिवांश गुम्बर की प्रतिभा को बढ़ावा देते हुए दीपक बेहड़ द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।वही नगर के वरिष्ठ समाजसेवी हरिचन्द छाबड़ा,धर्मचंद खेड़ा ने भी शिवांश गुम्बर को आशीर्वाद देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।

# जैव प्रौद्योगिकी परिषद कार्यालय में प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

पंतनगर।जनपद प्रभारी/प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जैव प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर के कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सभी को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कृषि मंत्री गणेश जोशी का स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करने के लिए उनका



आभार भी व्यक्त किया। अधिकारियों द्वारा बताया गई की पहली बार किसी विभागीय मंत्री द्वारा जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, महामंत्री अमित नारंग, डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार, वैज्ञानिक डॉ. मनेंद्र मोहन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता रोहित साहनी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों की एक शोक सभा जिला बार के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय की अध्यक्षता तथा सचिव सर्वेश कुमार सिंह के संचालन में बार सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिला बार के सदस्य रोहित साहनी एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। दोपहर में सभी अधिवक्ताओं एवं समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा प्रार्थना की गई कि दिवंतग आत्मा को अपने पावन चरणों में स्थान दे। शोकसभा में पावेल कठायत, संजीत बढ़ई, अमित छावड़ा, सुरेन्द्र गिरधर, गुरबाज सिंह नारंग, एमपी तिवारी, शिव कुंवर सिंह, जावेद आलम, अखलाख अहमद, खुदनूद हसन, खड़ग सिंह, मक्खन सिंह, अनिल गंभीर, सीपी मंगवार, नवीन रजवार, सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने विद्यालय में बांटे तिरंगा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला के साथ खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को तिरंगा वितरण कर हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। योगेन्द्र कुमार साहू व वरिष्ठ अभिवक्ता बिन्देश गुप्ता ने कहा कि 1947 में तिरंगा को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाकर प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण प्राप्त हुआ है। क्योंकि भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिकता को दर्शाता है यह भारत देश की एकता अखंडता प्रगति उन्नति समृद्धि खुशहाली का सूचक है। हम सभी भारतीय एकता के एक सूत्र में बंधकर भारत देश को विश्वगुरु बनाने के लिए आस्था निष्ठा दृढ़ संकल्प शक्ति के साथ हमेशा धर्महित समाजहित भारतहित में कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम में वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल महामंत्री तनुज गुप्ता सहित खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी जीतेन्द्र सिंह अधिकारी, प्रधानाचार्या कमला शैल, उप प्रधानाचार्या कल्पना जोशी, अध्यापिका मोहिता कांडपाल, बीना अधिकारी, गुरशरन कौर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के बलराम हालदार, योगिता बनोला, प्रीती आर्या, पूर्णिमा रजवार, पूजा जोशी, अमन कुमार, संदीप यादव, गौरव भट्ट, बरखा शर्मा, एकता पाण्डेय, काजल आर्या, सुशील राय, पंकज कोहली, मनीष साहू, सूरज मिस्त्री, मुकेश बिष्ट, प्रियांशु आर्या, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।



# नशे के खिलाफ छात्रों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ अभियान को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गयी तथा नशे द्वारा फैल रही बीमारियों और नुकसानों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य अभियन्त्रिक ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट, वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला द्वारा किया गया। इस अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार नशा मुक्त अभियान चलाया गया जिसमे संस्थान के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विचार रखे एवं नशे के द्वारा हो रहे नुकसान तथा समाज में अपराधीकरण बढने के कारणों से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार के नशे की गिरफ्त में युवा वर्ग है जिससे युवा वर्ग में विभिन्न प्रकार की बीमारियां बढ़ रही हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, संस्थान के मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह, कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड रजत धवन प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाटला तथा, साहिल छाबड़ा, शिल्पा विश्वकर्मा, कल्पलता सिंह, मिली मंडल, दीपिका देऊपा, अभिषेक कुमार, शिवम् शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।




# विद्युत विभाग के एसडीओ को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने विद्युत विभाग के एसडीओ डी सी गुरुरानी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभाग द्वारा सम्मानित किये जाने पर उनका स्वागत करते हुए बधाई दी और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा एसडीओ डीसी गुरुरानी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर विभागीय कर्मचारियों में उत्कृष्ट कार्य करने की ललक पैदा करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को अपने हर उस कर्मचारी अधिकारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए जो कि अपनी मेहनत लगन और निष्ठा से विभाग के सभी कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेते हैं। इससे प्रत्येक विभाग में कर्मचारियों में भी सम्मान पाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने की सोच विकसित होगी और हर विभाग में कार्य समय पर संपन्न हो जाएंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के साथ अधिवक्ता पूरन भट्ट भी मौजूद थे।



# पंजाबी समाज ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की घोषित के तहत हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति ने अपने बुजुर्गों की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ ने बताया कि पंजाबी बुजुर्ग जिन्होंने 1947 के भारत पाकिस्तान विभाजन का दर्द झेला है और वह विभाजन के समय भारत आए थे। यहां आकर संघर्षशील जीवन व्यतीत किया है और आज समाज में एक स्तंभ बनकर खड़े हैं। उनमें से कई बुजुर्ग अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर चुके हैं और कुछ अभी जीवित है और अपना जीवन व्यापन कर रहे है। संस्था पदाधिकारियों द्वारा विभाजन के समय दर्द झेल कर आए बुजुर्गों का आदर किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी व सदस्यों को भारत का ध्वज भेंट किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक कश्मीरी लाल साहनी, सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, जगमोहन साहनी, संजीव आनन्द, हरिमोहन अरोड़ा, उमंग वासुदेवा, नरेंद्र साहनी, महेश आहूजा, राजीव आनंद, राजीव बग्गा, किशन लाल राजपाल आदि थे।




# बसपा की कार्यकारिणी का विस्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बसपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ने बहन कु० मायावती राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी एवं प्रदेश प्रभारी उत्तराखण्ड एवं प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार विधान सभा रूद्रपुर-66 जिला महासचिव मास्टर महेन्द्र सिंह के निवास स्थान आवास विकास कालोनी रूद्रपुर में एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमे बहुजन समाज पार्टी के जिम्मेदार व कर्मठ व जुझारू व्यक्तियों को पदाधिकारी नवनियुक्त किया गया। जिसमे विधान सभा प्रभारी आरडी मिश्रा व ओमकार सिंह, विधान सभा अध्यक्ष राजकुमार, विधान सभा उपाध्यक्ष शिव कुमार, विधान सभा महासचिव छत्रपाल गौतम,विधानसभा कोषाध्यक्ष राजू शिल्पकार, विधानसभा सचिव रियासत अली, बामसेफ संयोजक रघुवीर सिंह तथा बीवीएफ संयोजक महेश कुमार को नियुक्त किया गया।

# नवयुग विद्या मंदिर स्कूल में लीना झाम ने किया ध्वजारोहण

गदरपुर(उद संवाददाता)। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंबोज धर्मशाला में शहीद ऊधमसिंह कंबोज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।आजादनगर वार्ड नं.10 व वार्ड नं.5 स्थित नवयुग विद्या मंदिर स्कूल में सभासद लीना संजीव झाम द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मान से झंडा फहराया, राष्ट्रगान हुआ साथ ही विद्यालय के बच्चो द्वारा बहुत ही सुंदर देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान सभासद झाम ने सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा, तिरंगा हमारी आन, बान और शान है, इसके लिए हम अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए भी तैयार हैं। मौके पर उपस्थित बच्चो को मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान प्रबंधक हरबंस हुड़िया, प्रधानाचार्य रमेश रानी, अंजु सती, जियो जिंदगी के व्यवस्थापक संजीव झाम, समाजसेवी आशा ग्रोवर, अनंत मदान, कमलजीत कौर, नीलम रानी, हीना, फूलजहां, खुशी अरोरा, परवेज पाल, पलक, रूबी, नर्गिस, पूनम, काजल, यासमीन, कमल, संध्या, नर्गिस, मनीषा आदि उपस्थित थे।

# बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका

गूलरभोज। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में मेन चौराहे पर बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजय यादव, विक्रम मेहरा, अंकित ढल्ला, हरेंद्र चौधरी,अजीत कुमार, नंदन सिंह, राजू पासवान, बनवारी लाल आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**देवभूमि में शान से मना...**मजबूत इरादों से निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रदेश आज देश में तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। आर्थिक वृद्धि दर और विकास के कई सूचकांकों में सुधार कर उत्तराखण्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के कथन के अनुरूप 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है इसमें युवा, किसान, मातृशक्ति और उद्यमियों की बड़ी भूमिका है। राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी, एआई, स्पेस, साइबर, क्वांटम, रोबोटिक्स साइंस में अनंत संभावनाएं हैं, इन क्षेत्रों में अपनी पहुंच को और मजबूत करने के प्रयास करने होंगे, जिससे हम देश के अग्रणी राज्य बनने में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति, प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हमें राज्य में संतुलित विकास तथा राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं और युवाओं की क्षमता कौशल वृद्धि पर विशेष ध्यान केंद्रित करना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने "आत्मा के स्वर" पुस्तक के खण्ड-2 का विमोचन किया। आत्मा के स्वर का यह दूसरा खण्ड राज्यपाल के 108 संबोधनों का संकलन है। आत्मा के स्वर पुस्तक में राज्यपाल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, उत्सवों एवं दीक्षांत समारोह आदि के 108 प्रमुख संबोधनों का संकलन है। साथ ही पुस्तक में कुछ महत्वपूर्ण भाषणों में क्यूआर कोड दिए गए हैं जिन्हें स्कैन कर यूट्यूब में भी भाषणों को सुना जा सकेगा। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री अमित कुमार सिरोही, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, एडीसी अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार शादिजा, उप सचिव जी.डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महावीर सिंह एवं डॉ. ए.के. सिंह सहित राजभवन में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**ऐतिहासिक नीतियों से बदल रहा....** पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करने से लेकर अपना घर होने तक, देश के नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के हर सुविधा का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है, इस प्रगति के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है और अंतिम छोर तक बातों को फॉलो-अप करने की क्षमता भी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में आए ये बदलाव 140 करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास का परिचायक हैं। मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ विकास के सूत्र को जमीन पर उतारा गया है, प्रधानमंत्री ने जिस कठोरता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए हैं, उससे ये तय है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री जोशी ने बताया कि देशभर में विकास के नतीजों को बढ़ाने के लिए सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक नीतियों और पहलों को लागू किया गया है। नीतियों में बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने और हाशिए पर रहने वालों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा, भारत ने युवाओं की अगुवाई में प्रौद्योगिकी प्रेरित विकास में अभूतपूर्व प्रगति की है और देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यवसाय को आसान बनाने को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अनेक सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देना और राष्ट्र के दूर-दराज के इलाकों के विकास के लिए की जा रही पहलों को लागू करना है। इसके अतिरिक्त, महिला केंद्रित नीतियों ने रक्षा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है।पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी सरकारी योजनाओं के तहत 81 करोड़ से अधिक वंचित लोगों को मुफ्त राशन का वितरण किया गया। वहीं, पीएम किसान जैसी पहल देशभर में 12 करोड़ से अधिक किसानों को हर साल 6,000 रुपये प्रदान करके कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में परिवर्तनकारी रही है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है और खेत से बाजार तक लॉजिस्टिक्स में सुधार के लिए 167 किसान रेल मार्गों का परिचालन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से एक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है, जहां हमारी आवाज सुनी जाती है और हमें एक समान भागीदार के रूप में देखा जाता है। विकास की अनेक पहलों के माध्यम से हम भारत की क्षमता को उजागर कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, उपस्थित प्रतिनिधियों व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, अनिल कपूर डब्बू, जनपद न्यायधीश सिकन्द कुमार त्यागी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, महामंत्री अनिल नारंग, विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, अपर निदेशक मंडी बीएस चलाल, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीएमओ डॉ, मनोज शर्मा, सीओ निहारिका तोमर सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**कांग्रेसजनों ने स्वराज...**ऊर्जा के साथ देश और समाज की प्रगति के लिए अपने कर्त्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि संघर्ष के बाद मिली इस आजादी की कीमत तब अधिक होगी, जब हम आर्थिक असमानता, किसानों की गरीबी, युवाओं की बेरोजगारी, महिलाओं के उत्पीड़न से मुक्ति पा लेंगे।हमें नफरत और घृणा से मुक्ति दिलाने की चुनौती से मुकाबला करते हुए, प्रेम व भाईचारे की भावना को भी बढ़ाना है, मिलकर एक नया भारत बनाना है।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि आज के दिन हम समृद्ध और सशक्त देश के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने का संकल्प लें। इस दौरान हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, हेमन्त बगडवाल, विजय सिजवाली, डॉ मयंक भट्ट, दीपक बलुटिया, मलय बिष्ट, योगेश जोशी, हेम पांडे, जाकिर हुसैन, इंद्र पाल आर्य, राजेन्द्र दुर्गापाल, इंदर बिष्ट, गुरप्रीत प्रिंस, कौशलेंद्र भट्ट, कन्नू परगाई, सौरभ भट्ट, गिरीश पांडे, गोविंद बगडवाल, त्रिलोक बनोली, सूरज प्रकाश, किरन माहरा, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, रोशन जहाँ, भगवती जोशी, रमा शर्मा, रत्ना श्रीवास्तव, मीनाक्षी नयाल, अमित रावत, मनोज भट्ट, सूरज बिष्ट आदि ने भी अपने अपने विचार रखें।

**डीएम ने स्वतंत्रता...** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व बलिदानियों को नमन करते हुए कहा हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की परिकल्पनाओं को साकार करना है व देश व समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभानी होगी। गरीब तबका का विकास करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा हम सभी को अपने दायित्वों को बखूबी निर्वहन करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी तभी वीरों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने का सभी से आह्वान किया। इस अवसर पर वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, सीटीओ डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, ओसी डॉ. अमृता शर्मा सहित अनेक अधिकारी व कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भुलाया नहीं जा सकता स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान: चुघ

## समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने विद्यालय में किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय खेड़ा के विद्यालयों में ध्वजारोहण किया । इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान गाया और देश के स्वतंत्रता सेनानियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि देश के हजारों लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत हमें आजादी मिली है और इस आजादी को बरकरार रखना आज की युवा पीढ़ी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि कभी भी स्वतंत्रता और आजादी आसानी से नहीं प्राप्त होती इसके लिए संघर्ष करना होता है। उन्होंने कहा कि आज के करोड़ों युवा भारत का भविष्य है और राष्ट्र को विकास के पथ पर आने वाली युवा पीढ़ी अग्रसर करेगी । इस दौरान स्कूली बच्चों ने अनेक देशभक्ति और संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उन्होंने मां तुझे सलाम पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया और शहीदों को नमन करते हुए बच्चों ने अपना संबोधन किया साथ ही भारत को और अधिक सुंदर बनाएंगे कैसे बनाएंगे विषयों पर चर्चा भी की। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई ।उसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा अनेक देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।इस दौरान प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा, आशा अरोड़ा ,अंजू यादव, जसविंदर कामरा , ललिता रौतेला, रुद्राणी शर्मा ,शालिनी शर्मा ,तारा बुधलाकोटी ,प्रवीण गाबा आदि मौजूद थे।












हर घर तिरंगा

आप सभी को
15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

नगर किच्छा की जनता से अनुरोध व अपेक्षायें।

1. नगर किच्छा को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
2. गीला एवं सूखा कूड़ा घर में ही अलग–अलग दें।
3. नगर पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
4. प्रतिबन्धित सामग्री पॉलीथीन तथा थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग विक्रय, भण्डारण न करें।
5. स्वच्छता कर्मियों के साथ सहयोग करते हुए सुन्दर किच्छा–स्वच्छ किच्छा की परिकल्पना साकार करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।
8. डेंगू से बचाव के लिए अपने घर के आस–पास पानी बिल्कुल भी जमा न होने दें।
9. कूलर का पानी नियमित रूप से बदलते रहें।
10. पानी की टंकी व खुले बर्तनों को अच्छी तरह से ढक कर रखें।
11. नगर पालिका के समस्त करों / यूजर चार्ज एवं देयकों का समय से भुगतान करें।
12. नगर के सर्वागीर्णविकास हेतु सहयोग करें तथा अपने सुझावों से निकाय को अवगत कराये।

अधिशासी अधिकारी उपजिलाधिकारी / प्रशासक

नगर पालिका परिषद किच्छा, उधम सिंह नगर


## प्रभारी मंत्री ने सक्सेना के घर पर फहराया तिरंगा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज पंत नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर ष्हर घर तिरंगाष अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता विवेक सक्सेना के आवास पर तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध करते हुए अपने घरों, संस्थानों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देने का आव्हान किया। अवसर पर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना और उन्हे निराकरण का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, निर्वतमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, अमित नारंग, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऊमा जोशी सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।








# जहां प्रेम नहीं होता वहां कभी अमृत नहीं बरसता: स्वामी नारायण चैतन्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के चतुर्थ दिवस की कथा में स्वामी नारायण चैतन्य जी द्वारा समुद्र मंथन, बावन चरित सहित राम जन्म की कथा सुनाई ।उन्होंने कहा कि अमृत कलश को देखते ही दैत्य झपट पड़े और अमृत कलश पर अपना अधिकार जमा लिया तब प्रभु ने मोहिनी रुप धारण कर दैत्यों को मोह लिया और दैत्यों ने उन्हें अमृत कलश सौंप दिया जब प्रभु अमृत पिला रहे थे तो राहु सूर्य देवता एवम चंद्र देवता के मध्य चुपके से आकर बैठ गया जिससे अमृत की कुछ बूंदे राहु को भी प्राप्त हुई जिस कारण वो अमरत्व को प्राप्त हुआ। स्वामी जी ने कहा जिन परिवारों में प्रेम नहीं होता वहां कभी अमृत नहीं बरसता, उन्होंने कहा वर्तमान में विवाह जैसे पवित्र संस्कार कार्यक्रमों को पाश्चात्य संस्कृति को देखकर लोग दूषित कर रहे हैं समाज को जागरूक होकर विवाह संस्कारों को दूषित होने से बचाना होगा । उन्होंने बावन चरित के दौरान कहा भगवान उन्हे दर्शन देते हैं जो छल और कपट से रहित है प्रभु ने स्वयं कहा है जहां भक्त मेरे पग धरे तहां धारू में हाथ पाच्छे पाच्छे मैं चलूं कभी न छोड़े साथष प्रभु के भजन के दौरान नीर बहे तो समझना की आप भगवान के सबसे प्रिय भक्तों में से हो । स्वामी जी ने बावन चरित में राजा बलि के संकल्प और भगवान द्वारा राजा बलि के दरबार मे द्वारपाल के रुप खड़े होने की कथा को विस्तार पूर्वक सुनाया। राम जन्म की कथा के दौरान उन्होंने कहा कि दशरथ का अर्थ जिसकी दसों इंद्री वश में हो और दशानन मतलब जिसके दसों मुंह प्रभु से विमुख दुनियादारी की और रहे। इस दौरान भक्तजन जय जय गोपी जय जय ग्वाल, भक्त वत्सल दीनदयाल , भजनों पर झूमते नजर आए आरती यजमान के रुप में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, बाबू राम गुप्ता, अर्जुन दास गुप्ता, ओम ओम प्रकाश सक्सेना, सहित सुनील ठुकराल, सुभाष खंडेलवाल, जीवनदास फुटेला , राजकूमार जिंदल, गंगा माता, बल्ला माता, विजय फुटेला आचार्य राजेश, आचार्य राजीव, आचार्य रोहित, आचार्य विजय आचार्य नवीन,मित्तल, ओमप्रकाश सक्सेना, सुशीला शर्मा, विजेन्द्र सिंह, शशि अरोरा, राज अरोरा, शकुतला अनेजा, अमित सक्सेना, अरविंद सक्सेना, हर्ष शर्मा, सुशीला शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु गणों ने कथा श्रवण किया ।



